हिन्दी

**(301)**

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **तीन** खण्ड हैं—खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

(ii) खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) खण्ड 'क' 85 अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' 15 अंकों का है।

## खण्ड–क

**1.** (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह-जल बाढ़े॥
कहब मोर मुनिनाथ निबाहा। एहि तें अधिक कहौं मैं काहा॥
मैं जानउँ निजनाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ॥
मो पर कृपा सनेहु बिसेषी। खेलत खुनिस न कबहूँ देखी॥

**अथवा**

मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक पत्थर में
चमकता हीरा है,
हर एक छाती में आत्मा अधीरा है
प्रत्येक सुस्मित में विमल सदानीरा है,
मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक वाणी में
महाकाव्य पीड़ा है।

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

कहलाने एकत बसत, अहि, मयूर, मृग, बाघ।
जगत तपोवन सौ कियौ, दीरघ-दाघ, निदाघ॥

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *35–35* शब्दों में दीजिए : 2+2=4

(क) 'मौन' कविता का केन्द्रीय भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

(ख) पद्माकर के कवित्त में बार-बार 'औरै' शब्द के प्रयोग पर टिप्पणी कीजिए।

(ग) 'प्यादे सों फ़रजी भयो, टेढ़ो-टेढ़ो जाय' का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

**3.** 'निर्गुण भक्ति' और 'सगुण भक्ति' में अन्तर के **दो** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। 2

**4.** 'परशुराम के उपदेश' **अथवा** 'कठपुतली' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए। 2

**5.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित छन्द और अलंकार का नाम लिखिए : 2

रहिमन मोहिं न सुहाय, अमी पियावै मान बिनु।
बरु बिष देय बुलाय, मान सहित मरिबो भलो॥

**6.** (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

"खाने-खेलने दो लड़कों को, हम तो न चल सकते, न खेल सकते, न दौड़ सकते। ज़्यादा खा लेंगे, तो अजीर्ण हो जाएगा। ज़्यादा बोलेंगे, तो साँस फूल जाएगी। प्रेम करने की भी अवस्था नहीं रही। भोगने दो जवानों को जीवन। वे हमारी जय तो बोलते हैं, हमारे झण्डे तो फहराते हैं! हमारी आरती तो करते हैं। और क्या चाहिए हमें!"

**अथवा**

वैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है। जिससे हमें दुख पहुँचता है उस पर यदि हमने क्रोध किया और यह क्रोध हमारे हृदय में बहुत दिनों तक टिका रहा तो वह वैर कहलाता है। इसके स्थायी रूप में टिक जाने के कारण क्रोध का वेग और उग्रता तो धीमी पड़ जाती है, पर लक्ष्य को पीड़ित करने की प्रेरणा बराबर बहुत काल तक हुआ करती है।

(ख) पठित पाठ के आधार पर मन्नू भण्डारी **अथवा** हरिशंकर 'परसाई' की भाषा-शैली की **दो** विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। 2

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *35–35* शब्दों में दीजिए : 2+2=4

(क) अनपढ़ बनाए रखने की किन्हीं **दो** 'साजिशों' का उल्लेख पाठ के आधार पर कीजिए।

(ख) डॉ० रघुवंश के व्यक्तित्व की **दो** विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'कुटज' की **दो** अनुकरणीय विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**8.** 'अनुराधा' कहानी का संदेश स्पष्ट कीजिए। 2

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–50* शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) विराटा की पद्मिनी किसे कहा गया है? उसके व्यक्तित्व की **दो** विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(ख) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास की भाषा की **तीन** विशेषताओं पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए।

(ग) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास को क्या आप ऐतिहासिक उपन्यास मानते हैं? तर्कसम्मत उत्तर लिखिए।

**10.** 'पंचनदा' कहाँ है? उसका यह नाम क्यों पड़ा? 1

**11.** कुमुद बेतवा में छलाँग लगाने का निर्णय क्यों लेती है? 1

**12.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मेरी मिट्टी, यह धरती
जहाँ मेरे पूर्वजों का गौरव उगा हुआ है
जहाँ मेरे स्पंदन में हर पल
देश का प्यार प्रगाढ़ होता है
खुशबू बिखेरता है।
यहाँ मेरी अस्मिता का सूर्य उदित होता है।
नदियाँ भी यहाँ निःशब्द नहीं हैं—
वर्षों से देशभक्ति का निनाद
माधुर्य बन लहराता है।
जनता-जनार्दन के श्वास-प्रश्वास में
मेरा देश गर्व की साँसें लेता है
जब-जब खिलता है पहाड़ में लाल बुराँस
स्वाभिमान मेरे पूर्वजों का जीवंत हुआ-सा लगता है।

(क) कवयित्री ने नदियों के निःशब्द न होने का कारण क्या माना है? 1

(ख) अपने स्पंदन को लेकर कवयित्री की क्या मान्यता है? 1

(ग) लाल बुराँस के फूलने पर कवयित्री ने क्या कल्पना की है? 1

(घ) किन पंक्तियों का आशय है—"देशवासी स्वाभिमान का जीवन जीते हैं"? 1

(ङ) काव्यांश के लिए **एक** उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

**13.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

राजधानी दिल्ली का मुख्य आकर्षण कभी यमुना हुआ करती थी। इसकी निर्मल धारा को लोग निहारा करते थे। इतिहास साक्षी है कि यमुना का यह रूप पहले नहीं था। सदियों पहले हमारे पूर्वज यमुना की पूजा करते थे और उसे सुरक्षित भी। समय बदला। जनसंख्या बढ़ी। यमुना तट पर बस्तियाँ बसने लगीं। नगर, महानगर बन गया और झेलना पड़ा यमुना को। आज यमुना गंदे नाले से अधिक कुछ नहीं। दिल्ली में कितनी ही सत्ताएँ आईं-गईं, बनीं-बिगड़ीं पर यमुना की सुध किसी ने नहीं ली। कहते हैं जल जीवन है, परन्तु यमुना जीवन को तरस रही है। यदि इस मरती नदी को जीवन न मिला तो हमारे जीवन का क्या होगा? हम अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं। जिस डाल पर बैठे हैं उसे ही काट रहे हैं। समय रहते आँखें न खुलीं तो पछताने के लिए भी समय नहीं मिलेगा।

(क) "यमुना का 'यह रूप' पहले नहीं था।" 'यह रूप' का क्या आशय है? 1

(ख) दिल्ली किस नदी के तट पर बसी है? 1

(ग) दिल्ली को राजधानी क्यों कहा जाता है? 1

(घ) हमारे पूर्वजों का यमुना के प्रति कैसा व्यवहार था? 1

(ङ) जल को जीवन क्यों कहा जाता है? 1

(च) आशय स्पष्ट कीजिए—यमुना जीवन को तरस रही है। 1

(छ) इस गद्यांश के लिए **एक** उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ज) यमुना के प्रदूषण का मुख्य कारण क्या है? 1

(झ) उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिए : 1

सुरक्षित ; आकर्षण।

(ञ) समास का नाम बताइए : 1

जनसंख्या ; महानगर।

(ट) गद्यांश से एक मुहावरा चुनकर उसका वाक्य प्रयोग कीजिए। 1

**14.** कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) माँ ने पूछा खाना खा लिया क्या (विराम-चिह्न लगाकर लिखिए) 1

(ख) मंत्री जी पर भ्रष्टाचार का आरोप था। इसलिए उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। (एक सरल वाक्य में बदलिए) 1

(ग) आज के आधुनिक युग में देश प्रगति कर रहा है। (वाक्य शुद्ध कीजिए) 1

(घ) विश्वकप भारत जीतेगा। (प्रश्नार्थक वाक्य में बदलिए) 1

(ङ) संधि-विच्छेद कीजिए : 1

सुरेंद्र ; न्यायाधिकारी।

**15.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

(क) विश्व क्रिकेट कप की धूम

(ख) यदि मैं प्रधानमंत्री होता

(ग) भ्रष्टाचार की समस्या

(घ) क्या नहीं कर सकती नारी

**16.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक-तिहाई** शब्दों में लिखिए और शीर्षक भी दीजिए : 4

भारत जिस तीव्रता से औद्योगिक प्रगति कर रहा है उसे देखकर सहज ही कहा जा सकता है कि इक्कीसवीं सदी भारत की होगी। सबकी निगाहें भारत पर टिकी हैं। तकनीकी के क्षेत्र में हम प्रगति कर रहे हैं। विदेशी उपक्रमों के माध्यम से नई तकनीकें यहाँ आ रही हैं। भारतीय उद्योगपति बड़े-बड़े विदेशी उपक्रमों को खरीद रहे हैं और विदेशों में नए-नए उपक्रम लगा रहे हैं। वे दिन लद गए जब विदेशी माल के लिए लोग ललचाते थे। आज भारतीय उत्पाद विदेशी बाज़ारों में छाए हुए हैं। हमारा माल, हमारी तकनीक और हमारे विशेषज्ञ हमारी छवि को बदल चुके हैं। यही कारण है कि इस तीव्र प्रतियोगिता के युग में भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती जा रही है।

**अथवा**

कल्पना कीजिए कि भारतीय वाणिज्य मण्डल के एक अधिवेशन में आप एक पत्रकार के रूप में गए थे जहाँ हमारे प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में उपर्युक्त बातें कहीं। इसका एक प्रतिवेदन बनाइए।

**17.** प्रारूपण और टिप्पण **अथवा** औपचारिक और अनौपचारिक पत्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

**18.** किसी **एक** का भाव-पल्लवन कीजिए : 3

(क) बीती ताहि बिसारि दे...

(ख) महँगाई मार गई...

**19.** आप सैर-सपाटे के लिए मित्रों के साथ माउंट आबू जा रहे थे। गंतव्य से 5 कि० मी० पहले ड्राइवर ने बताया कि शायद बस के ब्रेक फेल हो गए हैं। सुनकर आपकी कैसी मनोदशा हुई? लगभग *40–50* शब्दों में लिखिए। 2

**20.** विविध ब्राण्डों के मोबाइल फोनों की बिक्री प्रतिशत में दी गई है। इसे पाई-चार्ट द्वारा प्रदर्शित कीजिए : 4

(क) 20%, (ख) 25%, (ग) 30%, (घ) 10%, (ङ) 10%, (च) 05%

**21.** श्री भीमसिंह, वरिष्ठ सहायक, स्थानान्तरण के बाद राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के क्षेत्रीय कार्यालय चण्डीगढ़ में कार्यभार सँभालेंगे। इस आशय के कार्यालय आदेश का मसौदा सहायक सचिव, कार्मिक की ओर से लिखिए। 4

## खण्ड–ख

## ( सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी )

**22.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1

(क) पीत पत्रकारिता

(ख) ब्रेकिंग न्यूज़

(ग) बीट

**23.** (क) वर्षा के कारण भारत और श्रीलंका का क्रिकेट मैच बीच में ही रोक दिए जाने के समाचार का छोटा-सा आलेख लिखिए। 3

(ख) 'नोएडा' में स्थित 100 वर्गमीटर के भूखण्ड को बेचने के लिए **एक** विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए। 3

**24.** (क) संचार माध्यमों में विज्ञापन का महत्त्व बताइए। 2

(ख) संवाददाता की भूमिका समझाइए। 2

**25.** प्रिंट माध्यम की अपेक्षा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के अधिक लोकप्रिय होने के कारणों पर प्रकाश डालिए। 4

**अथवा**

रेडियो और टी० वी० की भाषा की **चार** विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ग

## ( विज्ञान की भाषा—हिन्दी )

**22.** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** को परिभाषित कीजिए : 1

(क) पारिस्थितिकी

(ख) सॉफ्टवेयर

(ग) ऊर्जा

**23.** (क) वैज्ञानिक सोच से क्या तात्पर्य है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) सुश्रुत कौन थे? चिकित्सा जगत को उनके योगदान पर प्रकाश डालिए। 3

**24.** (क) आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान देने वाले किन्हीं **दो** वैज्ञानिकों के नाम लिखिए और उनकी प्रसिद्धि के कारण बताइए। 2

(ख) विज्ञान की भाषा की **दो** विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

**25.** जनसंख्या बढ़ने से किसी देश की प्रगति कैसे प्रभावित होती है? जनसंख्या-वृद्धि को कैसे रोका जा सकता है? 4

**अथवा**

'ग्लोबल वार्मिंग' से आप क्या समझते हैं? इसके किन्हीं **दो** कारणों की चर्चा कीजिए।

★ ★ ★